भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1243

दिनांक 09 फरवरी 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ह्यूमन पेपिलोमावाइरस टीकाकरण

1243: श्री कार्ती पी. चिदम्बरम:

श्री वी.के. श्रीकंदन:

श्री रवनीत सिंह:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय प्रतिरक्षण तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) ने 9 से 14 वर्ष की आयु के बीच की बालिकाओं के ह्यूमन पेपिलोमावाइरस टीकाकरण (एचपीवी) की सिफारिश की है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा की गई/की जाने वाली कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों की संख्या का पंजाब सहित वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित महिलाओं और समलैंगिक पुरुषों के मामलों में कमी लाने के लिए एचपीवी अभियान शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड) सरकार द्वार देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों को कम करने के लिए/किए गए किए जाने वाले अन्य उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार का एचपीवी को सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने का विचार है क्योंकि यह प्रभावी रहा है और एचपीवी से जुड़े 90 प्रतिशत से अधिक कैंसर को रोक सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क), (ख), (घ) और (च): राष्ट्रीय प्रतिरक्षण तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) शीर्ष तकनीकी सलाहकार निकाय है जो सार्वभौमिक प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत नई वैक्सीन की शुरूआत सहित रोग प्रतिरक्षण कार्यक्रम के बारे में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सलाह देता है। जून 2022 में, बीमारी के बोझ के बारे में नए साक्ष्य, एचपीवी वैक्सीन की एकल खुराक की प्रभावशीलता के बारे में साक्ष्य, नैदानिक परीक्षण डेटा और एचपीवी वैक्सीन की शुरूआत के बारे में सिक्किम सरकार के अनुभव के आधार पर, एनटीएजीआई ने 9-14 वर्षीय किशोर लड़कियों के लिए एक बार कैच-अप और उसके बाद 9 वर्ष की आयु की

लड़कियों के लिए नेमी शुरुआत सहित सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) में शुरुआत की सिफारिश की, सरकार गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की बालिकाओं के टीकाकरण को प्रोत्साहित करती है।

(ग): भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय रोग सूचना और अनुसंधान केन्द्र-राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (आईसीएमआर-एनसीडीआईआर, एनसीआरपी) के अनुसार देश में वर्ष 2020 से 2023 के दौरान पंजाब सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या अनुलग्नक में दी गई है।

(ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और संसाधन लिफाफे के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के भाग के रूप में राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के उपचार के लिए स्वास्थ्य सुविधा, शीघ्र निदान, प्रबंधन और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता पैदा करने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करता है। एनपी-एनसीडी के तहत 753 जिला एनसीडी क्लीनिक और 6237 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। एनएचएम के तहत और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के एक भाग के रूप में देश में सामान्य एनसीडी यानी मधुमेह, उच्च रक्तचाप और सामान्य कैंसर की रोकथाम, नियंत्रण और जांच के लिए जनसंख्या आधारित पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत, 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को तीन सामान्य कैंसर यानी गर्भाशय, स्तन और मुख कैंसर के लिए उनकी जांच के लिए लक्षित किया जाता है। इन सामान्य कैंसर की स्क्रीनिंग आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत सेवा प्रदायगी का एक अभिन्न अंग है।

****

अनुलग्नक 1

2020-2023 के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा भारत में गर्भाशय ग्रीवा के मामलों की अनुमानित संख्या

राज्य	2020	2021	2022	2023
जम्मू और कश्मीर	648	664	682	701
हिमाचल प्रदेश	474	483	495	506
पंजाब	2280	2339	2399	2459
चंडीगढ़	58	60	62	63
उत्तरांचल	608	624	639	656
हरियाणा	1536	1580	1630	1678
दिल्ली	1259	1303	1348	1394
राजस्थान	3721	3822	3927	4034
उत्तर प्रदेश	10046	10301	10559	10825
बिहार	5073	5207	5348	5489
सिक्किम	26	27	29	29
अरुणाचल प्रदेश	71	74	75	78
नागालैंड	116	121	124	127
मणिपुर	103	107	112	117
मिजोरम	139	143	147	153
त्रिपुरा	191	194	199	204
मेघालय	111	113	117	123
असम	1802	1851	1900	1952
पश्चिम बंगाल	5679	5823	5971	6119
झारखंड	1770	1821	1874	1926
उड़ीसा	2656	2717	2778	2844
छत्तीसगढ़	1507	1545	1584	1626
मध्य प्रदेश	4042	4151	4264	4378
गुजरात	3738	3840	3943	4048
दमन	9	9	10	12
दादरा और नागर हवेली	15	15	16	17
महाराष्ट्र	6708	6872	7037	7207
तेलंगाना	2532	2595	2665	2731
आंध्र प्रदेश	3799	3886	3973	4063
कर्नाटक	4536	4657	4776	4900
गोवा	104	106	107	109
लक्षद्वीप	4	4	4	6
केरल	1734	1771	1804	1840
तमिलनाडु	7958	8144	8337	8534
पांडिचेरी	133	138	143	148
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	23	23	25	25

संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम रिपोर्ट, 2020

******